भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 07.10.2025

आरेडिका में अखिल रेल हिंदी प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में रेलवे बोर्ड के तत्वावधान में रेल कर्मचारियों को राजभाषा हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिनांक– 07.10.2025 से 09.10.2025 तक आयोजित होने वाली अखिल रेल हिंदी प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ किया गया।

यह प्रतियोगिता अखिल रेल स्तर पर आरेडिका में पहली बार महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के संरक्षण, महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी रमेश चन्द्र के कुशल नेतृत्व एवं रेलवे बोर्ड के उपनिदेशक राजभाषा सतविन्दर सिंह तथा रेलवे बोर्ड के सहायक निदेशक राजभाषा जितेन्द्र कुमार झा के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है।

आरेडिका के उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अष्टानन्द पाठक ने प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने आये सभी क्षेत्रीय रेलवे, उत्पादन इकाइयों तथा रेलवे प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिभागियों का स्वागत किया और अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। आगे श्री पाठक ने दूर–दूर से आये प्रतिभागियों को आरेडिका कॉलोनी परिसर के हरितमय परिवेश, सेवा भवनों तथा कारखाने में कोच निर्माण प्रक्रिया को निकट से देखने हेतु प्रेरित किया।

आज दिनांक– 07.10.2025 को अखिल रेल हिंदी निबंध तथा हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 09.10.2025 को इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं के नामों की घोषणा एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर आरेडिका के महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी रमेश चन्द्र, रेलवे बोर्ड के उपनिदेशक राजभाषा सतविन्दर सिंह, सहायक निदेशक राजभाषा जितेन्द्र कुमार झा, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अष्टानन्द पाठक, राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन सहित उच्च अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

07/10/2025
(आर एन तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी